# मेवाड़ जगत

डिजिटल ई-पेपर



अर्थ डायग्नोस्टिक्स

डबल क्वालिटी सर्टिफाइड NABL & NABH प्रमाणित

4-सी, एपेक्स चेम्बर, भारतीय लोक कला मंडल के पीछे, मधुबन, उदयपुर

Call: 70733 08880 / 70738 18880

अर्थ डायग्नोस्टिक्स



उदयपुर, बुधवार, 10 जून 2026 वर्ष - 4 अंक : 23 पेज : 6


## राममंदिर के चढ़ावे में चोरी के दावे पर पीएमो सख्त

### ट्रस्ट से रिपोर्ट मांगी, भाजपा नेता ने लेटर लिखकर सीबीआई जांच की मांग की थी

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर में आए चढ़ावे में 7 करोड़ रुपए की चोरी के दावे पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को मंदिर ट्रस्ट से रिपोर्ट मांगी है। यह जानकारी सूत्रों से पता चली है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने मंगलवार को प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर सीबीआई से जांच कराने की मांग की थी। इधर, राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने मंगलवार को ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक की थी। राम मंदिर परिसर के एक बंद कमरे में करीब 4 घंटे तक बैठक चली। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में



चढ़ावे की राशि उसके उपयोग और लेखा-जोखा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को फिर से राम मंदिर में कथित चोरी का मुद्दा उठाया। अखिलेश ने सरकार से 11 सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि आखिर देश की सनातन आस्था से खिलवाड़ करने वालों के पीछे कौन लोग है? चढ़ावे में कथित चोरी करने वालों को कौन बचा रहा है?




**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। 26 मई 2014 को पीएम पद की शपथ लेने वाले मोदी के कार्यकाल के आज 4,399 दिन पूरे हो गए। उन्होंने 4,398 दिनों तक इस पद पर रहे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बतौर पीएम मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है। मोदी की इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्रियों ने खड़े होकर तालियां बजाई और एक विशेष प्रस्ताव पारित किया।

## कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने व सरकारी योजनाओं के लक्ष्य पूर्ण करने पर जोर

**उदयपुर।** मार्गदर्शी बैंक कार्यालय, उदयपुर की जिला स्तरीय समीक्षा समिति बैठक बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर के निर्देशन एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर दीपेंद्रसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले की जमा-अग्रिम के मूलभूत आकड़ों, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ऋण उपलब्धि, साख-जमा अनुपात, कृषि ऋण एवं अन्य केंद्र/राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के ऋण आवेदनों की प्रगति की पर चर्चा एवं उपलब्धि की समीक्षा की गई। बैठक के आरंभ में अग्रणी ज़िला प्रबंधक संजय गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि मार्च 2025 में कुल जमायें 48 603 करोड़ रूपए थी जो मार्च 2026 में बढ़कर 53354 करोड़ रूपए हो गई है। इसी तरह जिले में कुल अग्रिम राशि मार्च 2025 में 37494 करोड़ से बढ़ कर मार्च 2026 में 42789 करोड़ हो गई है। श्री गुप्ता ने सदन को बताया कि वित्तवर्ष 2025-26 की मार्च 2026 को समाप्त तिमाही में जिले का साख-जमा अनुपात 80.20 प्रतिशत रहा है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक नीरज यादव ने बैंको से कृषि क्षेत्र में प्रवाह बढ़ा कर 18 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का आग्रह किया। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना पर प्रस्तुति देते हुए पात्र परियोजनाओ को वित्त पोषित करने हेतु बैंको को प्रेरित किया। साथ ही प्री-पीएलपी पर चर्चा की।

## आंख मिलाकर देखो तो पता चलेगा कौन झूठ बोल रहा

**करौली।** पूर्व डिप्टी सीएम और एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने नाम लिए बिना अपने विरोधियों पर जमकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि आंख में आंख डालकर देखोगे तो पता चल जाएगा कि सच बोल रहा है या झूठ। इससे पहले उन्होंने कहा कि मैने अपने साथ काम करने वाले सभी राजनेताओं का पूरा मान-सम्मान किया है। हमारे



बीच मतभेद हो सकते है, लेकिन मनभेद कभी नहीं रहे है। करौली जिले के सकरघटा गांव में पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की प्रतिमा अनावरण समारोह और किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। पायलट ने कहा कि मैं जिस संगठन में काम करता हूं, हमारा काम पद बंटने का नहीं, पहला काम जनता का काम करना है। केवल फल प्राप्ति के लिए जो काम कर रहा है, वो दुखी ही रहेगा। जनता के हित में काम करने वाला सुखी रहेगा। आज भी जनता सच्चाई का साथ देती है। इस दौरान पायलट ने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार पर भी हमला बोला। पायलट बोले, एमपी में राज्यसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी नटराजन का नामांकन गैर कानूनी तरीके से रद्द कर दिया। सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की।

### साबरमती-असारवा लिंक लाइन का काम पूरा होने के बाद दक्षिण राजस्थान को मिल सकता है बेहतर रेल नेटवर्क

# उदयपुर के रेल यात्रियों को बड़ी राहत, समर स्पेशल ट्रेन शुरू



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** दक्षिण राजस्थान के रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। गर्मी की छुट्टियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने आगरा कैंट.असारवा.आगरा कैंट के बीच साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और अजमेर रूट के यात्रियों को सीधा लाभ पहुंचाएगी। रेलवे के अनुसार समर स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में 16-16 फेरे लगाएगी। ट्रेन प्रत्येक सोमवार शाम 6 बजे आगरा कैंट से रवाना होकर अगले दिन सुबह 11.10 बजे असारवा पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन प्रत्येक मंगलवार दोपहर 3 बजे असारवा से रवाना होकर बुधवार सुबह 7.45 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए गए हैं, जिनमें एक सेकंड एसी, दो थर्ड एसी, 10 स्लीपर, 9 जनरल और दो गार्ड कोच शामिल हैं। इधर, उदयपुर सहित दक्षिण राजस्थान के रेल यात्रियों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वेस्टर्न रेलवे के तहत साबरमती और असारवा स्टेशन को जोड़ने वाली वाया लाइन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसी महीने रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। सुरक्षा स्वीकृति मिलने के बाद नई रेल सेवाओं के प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की संभावना है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक साबरमती से दिल्ली वाया उदयपुर तथा ओखा से नाथद्वारा तक नई ट्रेनें शुरू करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। इन ट्रेनों के शुरू होने से उदयपुर, नाथद्वारा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और वागड़ क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही दक्षिण राजस्थान का सौराष्ट्र और दिल्ली से रेल संपर्क भी मजबूत होगा। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि नई रेल कनेक्टिविटी से क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और यात्रियों की आवाजाही को नई गति मिलेगी।

## प्रश्नोत्तरी

**Q1.** हाल ही में जून 2026 में घोषित 'वैश्विक लाईवेबिलिटी सूचकांक 2026' के अनुसार, दुनिया में रहने के लिए सबसे बेहतरीन शहर कौन सा चुना गया है?

[A] वियना (ऑस्ट्रिया)
[B] कोपेनहेगन (डेनमार्क)
[C] मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)
[D] ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड)

**Q2.** राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा राज्य की समृद्ध लोक कलाओं और हस्तशिल्प को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए जून 2026 में 'सतरंगी मरुधरा उत्सव' का आयोजन कहाँ किया जा रहा है?

[A] मरु उद्यान (जैसलमेर)
[B] शिल्पग्राम (उदयपुर)
[C] जवाहर कला केंद्र (जयपुर)
[D] मंडोर गार्डन (जोधपुर)

**Q3.** राजस्थान आर्थिक समीक्षा के अनुसार, राज्य में 'कृषि गणना 2015-16' के आधार पर कुल महिला प्रचालित भूमि जोतों की संख्या और उसमें दर्ज की गई वृद्धि दर क्रमशः कितनी है?

[A] 5.46 लाख (30.10% वृद्धि) [B] 7.75 लाख (41.94% वृद्धि)
[C] 6.25 लाख (22.50% वृद्धि) [D] 8.50 लाख (15.12% वृद्धि)

**Q4.** अरावली पर्वतमाला के पश्चिमी ढालों से मरुस्थलीकरण को पूर्वी राजस्थान की ओर बढ़ने से रोकने के लिए प्राकृतिक रुकावटें मौजूद हैं। अरावली श्रृंखला में स्थित 'वायु घाटियाँ' मुख्य रूप से राज्य के किस भाग में पाई जाती है, जहाँ से मरुस्थल का विस्तार पूर्व की ओर हो रहा है?

[A] उत्तरी अरावली (अलवर-जयपुर क्षेत्र) [B] मध्य अरावली (अजमेर-सांभर क्षेत्र)
[C] दक्षिणी अरावली (उदयपुर-राजसमंद क्षेत्र) [D] आबू पर्वत खंड (सिरोही)

**Q5.** नीम का थाना में कांतली नदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थल 'गणेश्वर' के उत्खनन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इस स्थल का सर्वप्रथम उत्खनन वर्ष 1977-78 में रतन चंद्र और विजय कुमार के निर्देशन में किया गया था।
2. यहाँ से प्राप्त मकानों में पक्की ईंटों के प्रचुर साक्ष्य मिले हैं तथा बाढ़ से बचने के लिए पत्थर के बांध बनाए जाने के अवशेष मिले हैं।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?

[A] केवल 1 [B] केवल 2 [C] 1 और 2 दोनों [D] न तो 1 और न ही 2

प्रश्नों के उत्तर भेजे 9079051521 पर जो भी प्रतिभागी और पाठक नियमित प्रश्न के उत्तरों के जवाब देंगे उन्हें आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा

कल के अंक के उतर - 1 (C) 2 (B) 3 (A) 4 (B) 5 (C)


Dr. ANUSHKA GROUP OF INSTITUTES


# कालाजी-गोराजी कॉलोनी में तड़के गिरा विशालकाय पेड़



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** शहर की कालाजी-गोराजी कॉलोनी में बुधवार तड़के एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सुबह करीब 3 बजे एक विशालकाय पेड़ अचानक भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा। पेड़ के गिरने से सड़क किनारे खड़ी एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के समय इलाके में सन्नाटा होने से जनहानि नहीं हुई, लेकिन घटना ने क्षेत्रवासियों को चिंता में डाल दिया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि रात करीब 3 बजे अचानक जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। बाहर निकलने पर लोगों ने देखा कि कॉलोनी में वर्षों पुराना एक विशाल पेड़ जड़ सहित उखड़कर सड़क पर गिर गया है और उसके नीचे खड़ी कार पूरी तरह दब गई है। पेड़ के वजन के कारण कार का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि यह पेड़ दिन के समय गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता थाए क्योंकि इस मार्ग पर सुबह से देर रात तक लोगों और वाहनों की लगातार आवाजाही बनी रहती है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में कई पुराने और जर्जर पेड़ मौजूद हैं, जिनकी स्थिति लंबे समय से खराब बनी हुई है। कई बार संबंधित विभागों को इसकी जानकारी भी दी गई, लेकिन समय रहते उचित कार्रवाई नहीं होने से इस तरह की घटनाओं का खतरा बना रहता है। हादसे के बाद क्षेत्रवासियों ने नगर निगम और संबंधित विभागों से मांग की है कि शहर में पुराने, कमजोर और जर्जर पेड़ों का सर्वे कराया जाएं तथा संभावित खतरे वाले पेड़ों की समय पर छंटाई या हटाने की कार्रवाई की जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# बंजर पहाड़ी को बनाया फलों का बाग

## किसान जीतू प्रजापत की मेहनत बनी मिसाल

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** जहां अधिकांश लोग बंजर और पथरीली जमीन को बेकार मानते हैं, वहीं उदयपुर जिले के खेकरा घाटी गांव के किसान जीतू प्रजापत ने अपनी मेहनत और नवाचार से ऐसी जमीन को हरे-भरे फलों के बाग में बदलकर मिसाल कायम की है। कोरोना महामारी के दौरान नौकरी छूटने के बाद उन्होंने जिस चुनौती को अवसर में बदला, वह आज क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

### कोरोना में बदली जिंदगी की दिशा

जीतू प्रजापत गुजरात में नौकरी करते थे। कोरोना लॉकडाउन के दौरान वे गांव लौट आए और पारिवारिक खेती-बाड़ी में हाथ बंटाने लगे। लेकिन पारंपरिक खेती से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में उन्होंने गांव की पहाड़ी और अनुपयोगी जमीन पर कुछ नया करने का निर्णय लिया।

### पथरीली जमीन को बनाया खेती योग्य

पहाड़ी क्षेत्र में स्थित बंजर जमीन को खेती योग्य बनाना आसान नहीं था। जीतू ने जमीन को काटकर सीढ़ीनुमा आकार दिया, जिससे मिट्टी का कटाव रुका और पौधों के लिए उपयुक्त स्थान तैयार हो गया। सिंचाई की व्यवस्था के लिए उन्होंने 25 हजार लीटर क्षमता का जल टैंक बनवाया और उसे कुएं से पाइपलाइन के माध्यम से जोड़ दिया। इससे पूरे साल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई।

### 21 प्रकार के फल-फूलों से महका मगरों वाला बाग

चार बीघा क्षेत्र में विकसित इस बाग में केसर, राजापुरी और दशहरी किस्म के करीब 200 आम के पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा 140 आंवले, 35 नींबू, 20 चीकू, 15 कटहल और 16 केले के पौधे भी फल दे रहे हैं। बाग में मौसमी, पपीता, जामुन अनार, सीताफल, बिजौरा नींबू, तुलसी और अन्य पौधों सहित कुल 21 प्रकार की प्रजातियां मौजूद हैं। इस अनूठे बाग को उन्होंने ऋमगरों वाला बागअ नाम दिया है।



### जैविक खेती से कम की लागत

जीतू रासायनिक खाद और कीटनाशकों से दूरी बनाए हुए हैं। वे स्वयं तैयार की गई जैविक खाद और गोबर खाद का उपयोग करते हैं। इससे उत्पादन लागत कम रहती है और फलों की गुणवत्ता भी बेहतर बनी रहती है। बागवानी के साथ-साथ वे गेहूं, सरसों और मक्का की खेती तथा पशुपालन भी कर रहे हैं।

**बढ़ी आमदनी, किसानों को मिल रही प्रेरणा :** सीढ़ीनुमा बागवानी मॉडल से जीतू को अतिरिक्त आय होने लगी है। उनके बाग के फल गोगुन्दा सहित उदयपुर शहर की मंडियों में भी बिक रहे हैं। खर्च निकालने के बाद उन्हें लाखों रुपए की बचत हो रही है। वे बताते हैं कि आसपास के गांवों में इस तरह का कोई बाग नहीं है। **दूसरे किसानों की मदद को तैयार :** जीतू प्रजापत चाहते हैं कि दूसरे किसान भी अपनी खाली पड़ी पहाड़ी जमीन का उपयोग कर बागवानी विकसित करें। वे किसानों को पौधों की कलम तैयार करने और सीढ़ीनुमा खेत विकसित करने में मार्गदर्शन देने के लिए तैयार हैं। उनके इस प्रयास को देखने के लिए कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारी भी पहुंच रहे हैं। बंजर पहाड़ी पर लहलहाती हरियाली और फलों से लदे पौधे आज यह संदेश दे रहे हैं कि मेहनतए नवाचार और सही योजना के दम पर असंभव दिखने वाले लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं।

# गोगुंदा हाईवे किनारे बने अवैध अतिक्रमणों पर चला पीला पंजा



मेवाड़ जगत

**गोगुंदा।** उदयपुर जिले के गोगुंदा तहसील क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। गोगुंदा उपखंड अधिकारी आईएएस शुभम भैसारे के निर्देशन में एनएचएआई, राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा हाईवे किनारे बने अवैध निर्माणों पर पीला पंजा चला कर कार्रवाई की गई। अभियान के तहत झाड़ोली, जसवंतगढ़, गोगुंदा, खाखड़ी, विजय बावडी एवं नयागुड़ा सहित विभिन्न गांवों में राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा के भीतर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया है। तहसीलदार प्रवीण कुमार सैनी ने बताया कि तहसील क्षेत्र में कुल 53 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे, जिनमें से अब तक 24 अतिक्रमण पूरी तरह हटाए जा चुके हैं, जबकि शेष अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। हटाए जा रहे अवैध ढांचों में हाईवे किनारे संचालित दुकानें, होटल-ढाबे, रेस्टोरेंट, अस्थायी खोखे एवं कुछ आवासीय निर्माण शामिल हैं, जो सड़क सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए थे। कार्रवाई से पूर्व सभी संबंधित कब्जाधारकों को नियमानुसार नोटिस जारी किए गए तथा मौके पर सीमांकन कर लाल निशान लगाए गए थे।

# किसान के खेत पहुंचे मंत्री बाबूलाल खराड़ी

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने झाड़ोल प्रवास के दौरान प्रबुद्धजन संपर्क अभियान के तहत स्थानीय किसान के खेत पर पहुंचकर पारंपरिक खेती की व्यवस्थाओं और कृषि नवाचारों का अवलोकन किया। क्षेत्र के लोगों के अनुसार यह पहला अवसर है जब किसी मंत्री ने खेत पर पहुंचकर पारंपरिक कृषि पद्धतियों को इतनी बारीकी से समझने का प्रयास किया। मंत्री खराड़ी झाड़ोल क्षेत्र स्थित रामिया फार्म पहुंचे, जहां उन्होंने किसान एवं प्रबुद्धजन गणेश पुरोहित द्वारा विकसित नर्सरी, ऑर्गेनिक किचन गार्डन और पारंपरिक खेती से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने करीब एक घंटे तक खेत पर रुककर कृषि व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस दौरान गणेश



पुरोहित ने मंत्री के समक्ष पारंपरिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य स्तर पर विशेष योजना शुरू करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कृषि पद्धतियां न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष नीति बनाई जानी चाहिए। मंत्री खराड़ी ने किसानों से संवाद करते हुए कृषि क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही सरकार द्वारा संचालित कृषि एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि किसानों के अनुभव और सुझाव सरकार की योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कलयुगी बहू ने सास को पीटकर तोड़ा हाथ

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** हिरणमंगरी क्षेत्र में एक बहू ने सास के साथ मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया, जिस पर हाथ में चिकित्सकों ने रोड़ डालने की सलाह दी है। पुलिस के अनुसार छोटी बाई पत्नी फतेहदास वैष्णव निवासी शांति नगर मस्जिद के पास सेक्टर 5 ने रिपोर्ट दी कि उसकी पुत्रवधु सरोज वैष्णव ने 7 जून को बिना किसी कारण के मेरे साथ गाली.गलोच करने लगी। विरोध करने पर उसने लाठी से मुझ पर हमला कर दिया। आरोपी ने मेरे सिर, हाथ एवं शरीर के अन्य भागों पर लगातार वार किए। हमले से उसके सिर में गंभीर चोट आई तथा उसका हाथ टूट गया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर हाथ में रोड डालना बताया। मौके पर आसपास के लोगों एवं पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भटेवर से चारभुजा नेशनल हाईवे पर प्रशासन ने की कार्रवाई

# आवाप्त की गई जमीन से हटाया अवैध कब्जा

मेवाड़ जगत

**भटेवर।** वल्लभनगर उपखंड क्षेत्र के भटेवर से चारभुजा नेशनल हाईवे 162ई निर्माण कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमणों पर बुधवार को हाइवे ऑथोरिटी ने पीला पंजा चलाकर आवाप्त जमीन को अपने कब्जे में लिया। हाईवे अथॉरिटी द्वारा पूर्व में आवाप्त की गई जमीन से पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाकर जमीन को अपने कब्जे में लिया। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। भूअभिलेख निरीक्षक अमर सिंह, राम लाल मेघवाल, पटवारी धर्मराज ने बताया की नेशनल हाईवे निर्माण कार्य के लिए पूर्व में हाईवे अथॉरिटी द्वारा नियमानुसार जमीन का आवाप्त किया गया था। इस दौरान सभी संबंधित खातेदारों को नियमानुसार मुआवजा राशि का भुगतान भी कर दिया गया था। मुआवजा देने के बाद प्रशासन द्वारा सम्बंधित खातेदारों को जमीन खाली करने के निर्देश दिए। लेकिन कुछ खातेदारों द्वारा प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना करके जमीन खाली नहीं की गई। सरकारी आदेशों की अवहेलना करने पर हाइवे ऑथोरिटी द्वारा प्रशासन की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। टीम ने मौके पर दो जेसीबी मशीनों की सहायता से आवाप्त जमीन पर किए गए पक्के व कच्चे अतिक्रमणों को हटाया गया। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे। लेकिन प्रशासन की सख्ती के आगे किसी का विरोध काम नहीं आया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार के विरोध या कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा।




इस दौरान खेरोदा, वल्लभनगर थाना, भटेवर चौकी के जवानों के साथ-साथ पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों और पुलिस प्रशासन के आला अफसरों की मौजूदगी में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान वल्लभनगर वृत्ताधिकारी राम कुमार भादू, सीआई पुनाराम गुर्जर, सरपंच हेमन्त अहीर, चौकी प्रभारी महेंद्र ढाका, ग्राम प्रतिहारी लालचंद जणवा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## नवरतन जीएसएस से जुड़े क्षेत्रों में कल को तीन घंटे बिजली बंद रहेगी

**उदयपुर।** विद्युत लाइन के रखरखाव एवं तकनीकी कार्य के चलते गुरुवार को नवरतन जीएसएस से संबंधित कई क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से आवश्यक कार्य पूर्व में ही निपटाने की अपील की है। विभाग के अनुसार समता नगर, वैदेही, मानसरोवर, बीजी नगर, जोली नगर, लालबोट चौराहा, ज्योति स्कूल के पीछे, शालिभद्र, बेदला खुर्द, रामगिरि, रिद्धि-सिद्धि, श्रीनाथ हॉस्पिटल, अपैक्स हॉस्पिटल, तेलीवाड़ा, ग्रेस क्रिस्टल, सिल्वर स्प्रिंग, पद्मावती अपार्टमेंट, मैट्रिक्स पार्क, सैफी बुरहानी, अल्टीट्यूड, रामनगर, कोतबावड़ी, मेवाड़ कॉम्प्लेक्स, डीजे नीलम, बेदला लिंक रोड, भुवाणा चौराहा, कुमकुम अपार्टमेंट, नवरतन कॉम्प्लेक्स, मंगलम रोज, मंगलम अल्पाइन, ऑर्किड, चावला एकेडमी, किडनी केयर हॉस्पिटल, दुर्गा कॉलोनी, वल्लभ एम्पायर, 12 बंगला, जयश्री कृष्ण अपार्टमेंट, ईडन कोर्ट, धरणेन्द्र अपार्टमेंट, न्यू नवरतन कॉम्प्लेक्स, देवरो की मगरी, डागलियों की मगरी, पेसिफिक मार्बल, भेरूजी बावजी क्षेत्र, तेलीवाड़ा, मेन रोड भुवाणा एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

## ईडाणा-मैथुरी से भैंसों का नामला तक पहुंचे अधिकारी

मेवाड़ जगत

**सलूम्बर।** जिले में आगामी जनगणना कार्य को सफल एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मंगलवार को प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलेक्टर के निर्देशन में चार्ज जनगणना अधिकारी डॉ. मयूर शर्मा एवं चार्ज लिपिक ऋषभ जैन ने मेवल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों का दौरा कर जनगणना के तहत चल रहे मकान सूचिकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ईडाणाए मैथुरी तथा भैंसों का नामला क्षेत्र में पहुंचकर मकान सूचिकरण कार्य की प्रगति का



जायजा लिया। उन्होंने जनगणना प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता, सटीकता एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए ताकि प्रत्येक परिवार एवं मकान का सही विवरण दर्ज हो सके। दौरे के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में उपलब्ध पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों से संवाद कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए अवगत कराने की बात कही। चार्ज जनगणना अधिकारी डॉ. मयूर शर्मा ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर सूचनाओं का सावधानीपूर्वक संकलन करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही से बचें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार होती है, इसलिए इसमें दर्ज की जाने वाली प्रत्येक जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## पीहर जा रही विवाहिता से पति ने की मारपीट

**उदयपुर।** नाई क्षेत्र में पीहर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही एक विवाहिता के साथ उसके पति ने बस स्टेण्ड पर मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार रेखा पत्नी राजू खराडी निवासी उंदरी नाई ने रिपोर्ट दी कि दिन में करीब 2 बजे ससुराल से मेरे पीयर उंदरी से मेरे पति को बता कर निकली थी। बस से नयाखेडा आई। नयाखेडा से हाईवे जाने वाले रोड गाडी का इंतजार कर रही थी तो मेरा पति राजू वहां पर आ गया और मारपीट करने लगा। मुझे वापस उंदरी ले जाने लगा। मैने मेरे घर पर जाने कि बात कही तो बुरी तरह मारपीट की। मारपीट के बाद मुझे वही पर छोडकर चला गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर लगातार 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रामनगर स्थित वृद्धाश्रम में विशेष सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाराणसी कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं और भाजपा पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर वृद्धजनों के बीच समय बिताया तथा उन्हें फल एवं मिठाइयां वितरित कीं। इस अवसर पर विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है।तारा संस्थान और सिग्नेचर ग्लोबल फाउंडेशन का भी आभार जताया, जिनके सहयोग से वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से अनेक वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर जीवन और देखभाल का अवसर मिला है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया और उनके स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना की। वहीं वृद्धाश्रम के आवासियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कन्हैयालाल हत्याकांड फिर सुर्खियों में, परिवार के विरोध के बाद डीएसपी गोविंद सिंह की उदयपुर ज्वाइनिंग पर रोक

मेवाड़ जगत



**उदयपुर।** बहुचर्चित कन्हैयालाल साहू हत्याकांड एक बार फिर चर्चा में आ गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी तबादला सूची में बांसवाड़ा साइबर सेल में पदस्थ डीएसपी गोविंद सिंह राजपुरोहित को उदयपुर गिर्वा डीएसपी के पद पर लगाए जाने के बाद कन्हैयालाल के परिजनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। विरोध के बाद फिलहाल उनकी उदयपुर ज्वाइनिंग पर रोक लगा दी गई है। बुधवार को स्वर्गीय कन्हैयालाल साहू के बेटे यश साहू अपने समाज के लोगों के साथ उदयपुर रेंज के आईजी गौरव श्रीवास्तव से मिले और ज्ञापन सौंपकर गोविंद सिंह राजपुरोहित की नियुक्ति निरस्त करने की मांग की।बेटे यश ने कहा कि 28 जून 2022 को हुए कन्हैयालाल हत्याकांड के समय गोविंद सिंह राजपुरोहित धानमंडी थाने में थानाधिकारी के पद पर कार्यरत थे और उन्होंने मामले में गंभीर लापरवाही बरती थी। हत्या से पूर्व उनके पिता ने जान का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन उस समय शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय दोनों पक्षों के बीच समझौता करवा दिया गया। यदि समय रहते उचित कार्रवाई की जाती तो यह घटना टाली जा सकती थी। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय ने एक दिन पूर्व 141 डीएसपी अधिकारियों के तबादले किए थे। तबादला सूची में उदयपुर गिर्वा डीएसपी गोपाल चंदेल को बांसवाड़ा साइबर क्राइम शाखा भेजा गया था, जबकि बांसवाड़ा साइबर क्राइम से डीएसपी गोविंद सिंह राजपुरोहित को उदयपुर गिर्वा लगाया गया था। हालांकि सूची जारी होते ही उनके तबादले का विरोध शुरू हो गया। परिवार और समाज के लोगों के विरोध के बाद पुलिस मुख्यालय ने फिलहाल गोविंद सिंह राजपुरोहित की उदयपुर में ज्वाइनिंग पर रोक लगा दी है। मामले को लेकर एक बार फिर कन्हैयालाल हत्याकांड चर्चा का विषय बन गया है।

# जिंक और सल्फोजाइम एग्रो के बीच एमओयू




मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** देश की अग्रणी जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के खानखला स्थित जिंक इंडस्ट्रियल पार्क के तहत सल्फोजाइम एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य सस्टेनेबल मेटल रिकवरी, संसाधनों के बेहतर उपयोग और नवाचार आधारित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है।

समझौते के तहत सल्फोजाइम एग्रो जिंक इंडस्ट्रियल पार्क में अपनी इकाई स्थापित करेगा, जहां जिंक आधारित सामग्रियों को विभिन्न औद्योगिक और डाउनस्ट्रीम उपयोगों के लिए मूल्यवर्धित उत्पादों में परिवर्तित किया जाएगा। हिंदुस्तान जिंक इस परियोजना को कच्चे माल की उपलब्धता और दीर्घकालिक औद्योगिक सहयोग प्रदान करेगा, जिससे एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला और बड़े स्तर पर विनिर्माण गतिविधियों को गति मिलेगी। यह साझेदारी राजस्थान में डाउनस्ट्रीम उद्योगों को बढ़ावा देने, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर भी विकसित होंगे। उल्लेखनीय है कि जिंक इंडस्ट्रियल पार्क की घोषणा दिसंबर 2024 में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल की उपस्थिति में की गई थी। यह परियोजना राजस्थान को जिंक आधारित उद्योगों और मूल्यवर्धित उत्पादों के प्रमुख विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# महंगाई पर महिला कांग्रेस का हल्ला बोल, भीड़ रही गोल

## गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, कम उपस्थिति बनी चर्चा का विषय

मेवाड़ जगत



**उदयपुर।** रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। महिला कांग्रेस ने महंगाई को आमजन की परेशानी बताते हुए गैस सिलेंडर की कीमतों में राहत देने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया और कहा कि बढ़ती कीमतों से आम परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। महिला कांग्रेस ने मांग की कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा शहर कांग्रेस अध्यक्ष फतहसिंह राठौड, यूथ कांग्रेस और सेवा दल के कुछ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान मुद्दे से ज्यादा चर्चा उसमें शामिल महिलाओं की संख्या को लेकर होती रही। जानकारी के अनुसार कार्य म में करीब 15 से 17 महिलाएं ही मौजूद थीं जबकि महिला कांग्रेस की 31 सदस्यीय कार्यकारिणी में से भी आधी महिलाएं कार्य म में नहीं पहुंचीं। राजनीतिक हलकों में यह सवाल उठता रहा कि जब संगठन की अपनी 31 सदस्यीय कार्यकारिणी की आधी महिलाएं भी कार्य म में नहीं पहुंचीए तो आम जनता को इस मुद्दे से जोड़ने का दावा कितना प्रभावी माना जाए।कई पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य भी अनुपस्थित रहीं।कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर राजनीतिक गलियारों तक पूरे दिन यही चर्चा रही कि महंगाई जैसे बड़े मुद्दे पर आयोजित प्रदर्शन में अपेक्षित भीड़ नहीं जुट सकी। महिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष तारिका भानुप्रताप सिंह ने कम उपस्थिति को लेकर सफाई देते हुए कहा कि कार्य म की सूचना कम समय में मिली थी। इसके अलावा भीषण गर्मी और कई कार्यकर्ताओं के पूर्व निर्धारित कार्य म होने के कारण अपेक्षित संख्या में महिलाएं नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने कहा कि संख्या नहीं, बल्कि महंगाई का मुद्दा महत्वपूर्ण है और कांग्रेस लगातार जनता की आवाज उठाती रहेगी।

मेवाड़ जगत तक
अब सीधे पहुंचाएं अपनी ख़बर...
यदि आप कोई सामाजिक या धार्मिक आयोजन, प्रेस कॉन्फ्रेंस या किसी संस्था से जुड़ी सूचना व फोटो साझा करना चाहते हैं तो
इस नंबर पर वॉट्सएप करें या मेल करें।
सामाजिक आयोजन | धार्मिक आयोजन | प्रेस कॉन्फ्रेंस | संस्था से जुड़ी सूचना व फोटो
वॉट्सएप नंबर | 9079051521
Gmail: mewarjagat98@gmail.com
आपकी ख़बर... हमारी जिम्मेदारी... मेवाड़ की आवाज़, पूरे समाज तक

## भाभी ने फर्जी दस्तावेजों से मकान का पट्टा खुद के नाम पर बनवाया

**उदयपुर।** सायरा में एक युवक ने अपनी भाभी के खिलाफ उसके पूरे मकान का फर्जी पट्टा अपने नाम से बनवाकर हड़पने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार कन्हैयालाल लौहार निवासी पानेर सायरा ने अपनी भाभी शोभा लौहार पत्नी रतनलाल लौहार निवासी पानेर सायरा, इसके पुत्र कपिल लौहार, अर्जुनसिंह पुत्र नाथूसिंह निवासी गणेशजी का गुडा गोगुन्दा के खिलाफ रिपोर्ट दी कि प्रार्थी का एक पुश्तैनी मकान पानेर में चौराहे पर नाईयों की गली में है। प्रार्थी उसी मकान में रहता है व आज से करीब डेढ़ माह पूर्व सायरा थाने से एक पुलिस कांस्टेबल से आया और उसको कहा कि उसके खिलाफ शोभा लौहार ने एक रिपोर्ट दी है। जिस पर वह थाने पर गया तो पता चला कि उसके मकान का शोभा लौहार ने फर्जी पट्टा संबंधित जनप्रतिधियों से एवं कर्मचारियो से व अन्य व्यक्तियों से मिलकर बनवा दिया। उसको पता चला कि शोभा लौहार ने मकान हडपने की नीयत से धोखे से प्रार्थी व प्रार्थी के भाई व बहिन को बिना जानकारी दिए संबंधित कर्मचारियों से व अन्य लोगो से मिलकर पुश्तैनी मकान का पट्टा उक्त अपने नाम से बनवा लिया। जबकि इस मकान में आधार हिस्सा उसका था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रंजिश पर युवक पर किया जानलेवा हमला करने में तीन गिरफ्तार

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** जिले की पाटिया पुलिस ने आपस में हो रही मारपीट में बीच-बचाव करने से नाराज होकर युवक पर जानलेवा हमला कर गंभीर घायल करने में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार चंदूलाल पुत्र धूला पाण्डोर निवासी बाबरी नयागांव ने 29 मई को मामला दर्ज करवाया कि 25 मई को शाम 6.30 बजे वह अपने पडोसी राजू पुत्र पन्ना कटारा निवासी बाबरी दोनो कपास के बिहारण का पैसे लेने बाईक लेकर बसु पुत्र कावा निवासी भाणवा के घर जा रहे थे। रास्ते मे प्रकाश पुत्र जीवा खराडी निवासी भाणवा की किराणा कि दुकान पर बसु पुत्र कावा निवासी भाणवा मिला, जिससे वे दोनों वहां पर रूक गए। जहां पहले से शांति पुत्र जीवा, नवीन पुत्र जीवा खड़े थे। वे बसु से बातचीत करने लगे तभी कुछ देर मे साकरचंद डामोर निवासी भाणवा जो पाटिया कि तरफ से प्रकाश कि दुकान पर आया और आते ही साकरचंद के साथ इन सभी ने मारपीट करनी शुरू कर दी। जिस पर राजू और बसु ने बीच-बचाव कर साकरचंद को घर पर भेज दिया। इसके बाद चंदूलाल और उसका साथी राजू कटारा व बसु तीनो कपास के बिहारण का पैसे का हिसाब करने के लिए बसु के मकान पर गए। जहां कपास के बिहारण का बकाया रुपयो का हिसाब कर बसु से 20 हजार रुपये लेकर घर के लिए निकले। रास्ते मे जीवराज पुत्र गला डामोर निवासी भाणवा के मकान के पीछे सडक पर अचानक प्रकाश पुत्र जीवा खराडी, शांति पुत्र जीवा, नवीन पुत्र जीवा निवासी भाणवा ने अचानक उसकी बाईक को रोक लिया और चंदू व राजू के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। प्रकाश खराडी ने सिर पर मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट से चंदू बेहोंश हो गया। प्रकाश, शांति व नवीन तीनो मरा समझकर मौके पर छोडकर वहां से भाग गए। रिपोर्ट पर पाटिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करते हुए शांतीलाल पुत्र जीवाजी खराडी, प्रकाश पुत्र जीवाजी खराडी, नवीन कुमार पुत्र जीवाजी खराडी निवासी भाणवा पाटिया को गिरफ्तार किया है।

## बस स्टेण्ड पर पुलिसकर्मी का पर्स चोरी, तलाशने पर जेबकतरों ने किया हमला

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** शहर के उदियापोल बस स्टेण्ड पर बस का इंतजार कर रहे एक पुलिसकर्मी का पर्स और फोन जेबकतरे चोरी कर ले गए। पुलिसकर्मी इन जेबकतरों को तलाशते हुए गया तो इन जेबकतरों ने पुलिसकर्मी पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार जितेन्द्र कुमार रेगर निवासी अचरोल जयपुर ने रिपोर्ट दी कि वह जोधपुर की बस का इंतजार करने उदयपुर बस स्टेण्ड पर बैठा था। रात्रि के समय अज्ञात बदमाश ने पर्स जिसमें पुलिस आई कार्ड, पेन



कार्ड, आधार कार्ड, रोडवेज कार्ड व 16500 रूपए नकद व मेरा मोबाईल चुरा ले गया, जिसकी जांच करते हुए कच्चे बस्ती डेरो में में तलाश की। आस-पास के कचरे में तलाश की जिस पर एक खाली पर्स ब्लेड लगा हुआ मिला। जिसकी जाँच के लिए स्टेशन पर मौजूद लोगो को पूछा तो बताया कि यहां का मु य जेबकतरो का सरगना लाखन व राजेन्द्र है, जिसके बारे में आस-पास पता किया तो ठेके पर मिलना बताया। जिसकी सूचना पर ठेके पर गया तो नशे में मेरा फोन जेब से निकाल कर नीचे गिरा दिया। मेरे मोबाईल के हाथ लगाते ही उन्होने ठेके के बाहर निकलते हुए को रोककर चाकू से वार किया। हमले में चाकू चेहरे पर लगा और खून निकल गया। मौके पर अन्य लोगों और पुलिस ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परिवार आंगन में सोता रह गया और कमरे से सोने-चांदी के जेवरात चोरी


उदयपुर। कुराबड़ में घर के आंगन में परिवार सो रहा था और अज्ञात चोर कमरे में संदूक का ताला तोड़कर अंदर से लाखों रूपए जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस के अनुसार गांगा पुत्र कमला गमेती निवासी लालपुरा हाल भवंरसिह का फार्म हाउस जगत कुराबड ने रिपोर्ट दी कि 8 जून की रात्रि को वह अपनी पत्नी शंकरीबाई व मेरी 2 पुत्रियां खाना खाकर कमरे के बाहर सो गए। पास के कमरे में मेरा पुत्र धर्मराज व उसकी पत्नी दोनो सो रहे थे। रात के अज्ञात चोर आए व मेरे कमरे में रखे संदूक को चाबियों से खोलकर अंदर से दो कंदौरे, 1 मगंलसूत्र, कातरिया, डंक, सोने की जव डोडी व 30 हजार रूपए नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला के साथ मारपीट

**उदयपुर।** सायरा में एक महिला के साथ एक महिला और एक अन्य युवक ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार बसंती देवी पत्नी हिरालाल मेहता निवासी ब्राह्मणो की भागल नांदेश्मा सायरा ने रिपोर्ट दी कि सुबह 11 बजे मैं मेरे खेत पर थी। ओगडमल पुत्र मोडीलाल मेहता व पुष्पा पत्नी डालचन्द उर्फ विनेश शर्मा निवासी नांदेशमा एक ट्रेक्टर लेकर खेत मे आए, जिसके साथ एक आदमी ओर था। उसने ट्रेक्टर बाहर निकालने के लिए कहा तो ओगडमल ने उसे पकडा और पुष्पा ने मेरे साथ मारपीट की। उसने शोर मचाया तो बडा बेटा किशनलाल ने छुडवाया। मैं वहां से घर के लिए निकली रास्ते में पुष्पा व ओगडमल ने फिर से मारपीठ की और बीच रास्ते पर पटककर चले गए। आरोपी मेरे गले में एक मादलिया व 12 मोती सोने के वो भी मेरे से छीनकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## यूडीए ने फूटा तालाब में तालाब पेटे से और डाकनकोटड़ा में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया

**उदयपुर।** यूडीए ने बुधवार को शहर में दो जगह पर कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को तोड़ा गया। जिसमें कुछ बदमाशों ने फूटा तालाब की जमीन में अवैध रूप से कब्जा कर बाउण्ड्री वॉल कर ली थी। वहीं डाकन कोटड़ा में सरकारी जमीन पर वर्कशॉप बना दिया था।



जानकारी के अनुसार यूडीए को सूचना मिली कि कुछ लोगों ने फूटा तालाब में तालाब पेटे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की नीयत से बाउण्ड्रीवॉल बना दी है और कब्जा कर लिया है। इसी तरह डाकनकोटड़ा में भी सरकारी जमीन पर अवैध रूप से टीनशेड़ लगाकर वर्कशॉप बना दिया गया है। इस सूचना पर यूडीए आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर तहसीलदार रणजीत सिंह विठू के नेतृत्व में यूडीए के राजस्व निरीक्षकों, पटवारियों और जाब्ते ने सबसे पहले फूटा तालाब में जाकर तालाब पेटे की जमीन पर बाउण्ड्रीवॉल बनाकर किए गए कब्जे को ध्वस्त किया गया। यहां पर कार्यवाही करने के बाद डाकन कोटड़ा में सरकारी जमीन पर बाउण्ड्री और टीन शेड लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर टाटा का वर्कशॉप शुरू कर दिया था। इस पर यूडीए की टीम ने मौके पर जाकर इस कब्जे को तोड़ना शुरू किया। यूडीए की टीम ने बाउण्ड्री तो तोड़ दी और बाद में वर्कशॉप वाले ने लिखित में दो दिनों में कब्जा हटाने के लिए आश्वस्त किया और इसके बाद यूडीए की टीम ने उसे दो दिनों का समय दिया है।